हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 18 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अब सुविधा में जीने की स्थिति से बाहर निकल कर नवाचार को अपना रहा है और विकास के लिए नए रास्ते बना रहा है, जो उसकी शानदार पहचान बन चुके हैं। नाइजीरिया की राजधानी अबूजा में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश ने नई यात्रा शुरु की है। सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में अब डेढ़ लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप्स हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दशक में ऐसी एक सौ से ज्यादा स्टार्ट अप कंपनियां स्थापित हुई हैं जिनका मोल एक अरब से अधिक है। उन्होंने नाइजीरिया में भारतीय समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि बहुत सी भारतीय कंपनियां इस अफ्रीकी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने अफ्रीका की आवाज को वैश्विक मंचों पर उठाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। श्री मोदी ने उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह न केवल उनके लिए बल्कि सभी भारतीयों का सम्मान है।

*मैं इस सम्मान को विनम्रता और आदर भाव से स्वीकार करता हूं और इस सम्मान को 140 करोड़ भारतवासियों और भारत गहरी मित्रता को समर्पित करता हूं। हमें भारत और नाइजीरिया के बीच स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।*

*************************************************************

***********

चंडीगढ़ में 8वा मिलिट्री साहित्य उत्सव चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया द्वारा कल सेक्टर 3 के क्षेत्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित करने के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर करगिल युद्ध के शहीदों के बलिदान के सम्मान में 2 मिनट का मौन भी रखा गया। बाद में चंडीगढ़ क्लब के बाहर करगिल युद्ध के शहीदों की याद में एक मोटरसाइकिल रैली भी निकाली गई जिसमें 43 अलग अलग क्लब एवं संगठनों के 1800 मोटर बाइक चालकों ने हिस्सा लिया।

*******************************************************************
***********

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि हरियाणा मंडप में राज्य अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के थीम विकसित भारत 2047 से कदमताल करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को धरातल पर उतारने का काम कर रहा है।राव नरबीर सिंह भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा राज्य दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि हरियाणा आशाओं और अवसरों की धरा है तथा हरियाणा की गिनती देश के सम्पन्न राज्यों में होती है।उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि विकसित भारत-विकसित हरियाणा की दिशा में राज्य के निरंतर प्रयास देश को समृद्धि और सशक्तिकरण की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।उन्होंने कहा कि हरियाणा ऑटोमोबाइल, आई.टी. और अन्य उद्योगों का बड़ा केन्द्र है। यहां अति उत्तम संचार सुविधाओं, विकसित औद्योगिक संपदाओं, चम-चमाते चौड़े राजमार्गों, एक्सप्रेसवे रेल मार्गों व मैट्रो रेल का जाल बिछ चुका है। आज देश की सड़कों पर दौड़ने वाली हर दूसरी कार हरियाणा में बनती है। देश के 52 प्रतिशत ट्रैक्टरों का निर्माण भी यहीं पर होता है। उन्होंने कहा कि भारत के समग्र विकास में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

*******************************************************************
***********

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा है कि किसानों के खेतों तक नहरी पानी पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता है, इसके साथ-साथ पीने के पानी को घर-घर तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। कल एक बैठक के बाद उन्होंने कहा कि गुरुग्राम, बहादुरगढ़ व मेवात क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए गुड़गांव जलापूर्ति नहर तथा मेवात फीडर पाइप लाइन परियोजना के लिए केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के उपक्रम वैपकोस के साथ समझौता किया गया है।वैपकोस जलसंसाधन, बिजली तथा अवसंरचना विकास परियोजनाओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई अफ्रीकी व यूरोपीय देशों में परियोजनाओं में तकनीकी सहायता व निविदा प्रबंधन में सलाहकार सेवाएं प्रदान कर रहा है। मंत्री ने बताया कि गुड़गांव जलापूर्ति चैनल परियोजना पर कुल 1,989 करोड़ 40 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2050 तक की संभावित जनसंख्या की जल आपूर्ति के लिए 686 क्यूसेक से अधिक पानी की जरूरत पड़ेगी। इसी प्रकार मेवात फीडर पाइप लाइन परियोजना पर कुल 386 करोड़ 5 लाख रुपये का खर्च होना अनुमानित है। दोनों परियोजनाएं वैपकोस द्वारा 2027 तक पूरी कर दी जाएंगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं ढांचागत विकास निगम व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण परियोजनाओं में मुख्य हितकारक हैं।

*********************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा कल 167 परीक्षा केन्द्रों पर राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति योजना परीक्षा ली गई । परीक्षा नकल रहित और शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। प्रदेशभर में 48 हजार 543 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें 19 हजार 125 छात्र, 29415 छात्राएं व 03 ट्रांसजेंडर शामिल हैबोर्ड प्रवक्ता ने बताया परीक्षा की शुचिता, विश्वसनीयता व गरिमा बनाए रखने के लिए प्रत्येक जिले में जिला प्रश्न पत्र उड़न दस्ते का गठन किया गया था।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति योजना केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की योजना है। जिसका

मुख्य उद्देश्य सरकारी, अनुदान प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली गरीब छात्र-छात्राओं का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। इस योजना में चयनित हुए छात्र-छात्राओं को कक्षा नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के लिए प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाती है।

****************************************************************
***********